अमर उजाला 12/03/2026

जिम्नास्टिक में जीएमएन कॉलेज ने जीते पदक

छावनी के जीएमएन कॉलेज में शिक्षकों के साथ विजेता। प्रवक्ता

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। वार हीरोज स्टेडियम में इंटर कॉलेज जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जीएमएन कॉलेज के खिलाड़ियों ने पदक जीते हैं।

एसए जैन कॉलेज की ओर से आयोजित इस स्पर्धा में जीएमएन कॉलेज की पुरुष व महिला आर्टिस्टिक और महिला रिदमिक टीमों ने प्रदेशभर में दूसरा स्थान हासिल किया। कॉलेज के आशीष को पुरुष वर्ग में ऑल-राउंड बेस्ट जिम्नास्ट चुना गया, उन्होंने रिंग्स और हॉरिजॉन्टल बार में स्वर्ण, जबकि पॉमल हॉर्स और वॉल्टिंग टेबल में रजत पदक जीता।

महिला वर्ग में अंजली सैनी ने ऑल-राउंड दूसरा और कृतिका वर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रिदमिक जिम्नास्टिक में सानिया और अंकिता की टीम ने भी रजत पदक पर कब्जा जमाया। प्राचार्य ने विजेता टीम व विभागाध्यक्ष प्रो. ब्रिजेश गुप्ता को बधाई दी।